राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने आज शहीद–ए–आजम भगत सिंह के 'शहादत–दिवस' पर उनका श्रद्धापूर्ण नमन किया तथा प्रख्यात समाजवादी नेता व चिन्तक डॉ॰ राममनोहर लोहिया की जयन्ती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया

पटना, 23 मार्च 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने शहीद–ए–आजम भगत सिंह के 'शहादत दिवस' के अवसर पर आज उनका श्रद्धापूर्ण स्मरण किया तथा प्रख्यात समाजवादी नेता व चिन्तक डॉ॰ राममनोहर लोहिया की जयंती के उपलक्ष्य में उन्हें अपना सादर नमन निवेदित किया।

राज्यपाल श्री चौहान ने राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में शहीद–ए–आजम भगत सिंह तथा प्रख्यात समाजवादी नेता स्व॰ डॉ॰ राममनोहर लोहिया की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर दोनों महापुरूषों को अपना सादर नमन निवेदित किया।

कार्यक्रम में शहीद–ए–आजम भगत सिंह के 'शहादत दिवस' के अवसर पर दो मिनट का मौन भी रखा गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी अमर शहीद भगत सिंह तथा प्रख्यात समाजवादी नेता स्व॰ डॉ॰ राममनोहर लोहिया की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

....